कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योज महाविद्यालय परिवहन व सड़क सुरक्षा समि के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पोस्टर प्रतियोगिता [illegible] अधिकारी मन सिंघल, डॉ. मंजू लता आदि मौजूद रहीं। स

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

संवाद न्यूज एजेंसी



डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखतीं छात्राएं। संवाद

**मेरठ।** आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में 'फिल्म क्लब' के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर छात्राओं को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। संचालन फिल्म क्लब की इंचार्ज डॉ. कल्पना चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं में संवेदनशीलता व जागरूकता जरूरी है। सचिव डॉ. बबीता मांझी, डॉ. पूनम लता सिंह, डॉ. गरिमा मलिक, चित्रांशी शर्मा, अंजली यादव, शैल वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, प्राचार्या प्रो. डॉ. निवेदिता कुमारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

कॉमर्स एवं कंप्यूटर विभाग में वंदना ने पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को डाटा सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। विभागाध्यक्षा डॉ. पारूल रस्तोगी ने सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान डॉ. वत्सला ओबेरॉय, डॉ. रीमा मित्तल, डॉ. अंजलि गोयल, नेहा टंडन आदि मौजूद रहीं।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

आरजी डिग्री कॉलेज सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस दौरान छात्राओं ने सुरक्षा सुरक्षा से जुड़े नियम समझाए. छात्राओं ने ट्रैफिक रूल्स मानने की शपथ भी ली.

# AMAR UJALA-1.2.2023

# लोकगीत प्रतियोगिता में लोकेश प्रथम



विजेताओं को पुरस्कृत करतीं प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक। संवाद

**मेरठ।** रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज के संगीत विभाग में अंतर विभागीय लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें लोकेश प्रथम, मोहिनी व मानसी द्वितीय, वंशिका व गरिमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं प्रेरणा, गौरी साहनी, अनीता, गौरी पंजगोत्रा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अलका शर्मा व डॉ. अनीता कश्यप रहीं। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

वहीं, सड़क सुरक्षा एवं परिवहन समिति ने शिव चौक पर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। आरजी की छात्राओं ने पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने आदि विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा सिंहल, मास्टर ट्रेनर डॉ. मंजू लता, डॉ. उपासना सिंह, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी आदि मौजूद रहीं। संवाद

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# चल वैजयंती प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया टैलेंट

## आरजी पीजी कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया



meerut@inext.co.in

**MEERUT (2 Feb):** आरजी पीजी कालेज में गुरुवार को डॉ. विमला पुरी चल वैजयंती अंतर विश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता हुई. इसका टॉपिक भारत विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर रहा. इस प्रतियोगिता में पांच यूनिवर्सिटी के 17 स्टूडेंट्स ने भाग लिया. प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को 6 मिनट का समय दिया गया. इसमें प्रतिभागियों ने अंग्रेजी और हिंदी भाषा का प्रयोग कर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए. विजेता आइआइएमटी यूनिवर्सिटी की टीम रही.वहीं पक्ष विपक्ष में व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए. प्रतियोगिता के बाद प्रिंसिपल डॉ. निवेदिता मलिक ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. वहीं स्ट्रेसफ्री काउंसिलिंग दी गई, जिसमें गुप्ता क्लासेस के डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने छात्राओं को सीटेट, यूपीटेट, टीजीटी, पीजीटी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के विषय में जानकारी दी. प्रिंसिपल डॉ.निवेदिता कुमारी, विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. सीमा अग्रवाल और डॉ.मीनाक्षी जैन आदि मौजूद रहे.

Nivedita Kumari
I am approving this document

13.05.2024 16:32

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# पेंटिंग

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

आरजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय प्रीति के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया, और कालेज परिसर में रखें गमलों को पेंट किया.



# हमने यह ठाना है, मेरठ को स्वच्छ बनाना है...

वसुधा इको क्लब और ग्रीन कैंपस के अंतर्गत आरजी पीजी कालेज की छात्राओं ने रविवार को रैली निकाली। जिसका उद्देश्य मेरठ को स्वच्छ बनाना था। छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने के लिए हम सब ने यह ठाना है मेरठ को स्वच्छ बनाना है नारा लगाया। रैली कालेज परिसर से निकलकर बच्चा पार्क पहुंची। छात्राओं ने लोगों को कूड़ेदान का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। छात्राओं ने पहल एक प्रयास संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर महाराणा प्रताप की मूर्ति को साफ किया। डा. रेनू जैन, शैली चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, आकांक्षा यादव और प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक भी उपस्थित रहीं • जागरण

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# DAINIK JANVANI-8.2.2023 PAGE NO.

## छात्राओं ने बनाए कपड़े के थैले



**मेरठ :** आरजी पीजी कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वनस्पति विज्ञान विभाग की बॉटनी एकेडमिक एवं कल्चरल सोसायटी के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। जिसमें छात्राओं को बैज दिए गए तथा सेव मदर नेचर विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभाग की लगभग 45 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता का संदेश दिया। जिसकी आयोजन सचिव संयोगिता रही। तम्मना और अलसा ने कार्यक्रम का संचालन किया। अदिति कौशिक ने विभाग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। आक्सीराज, डिंपल, मीनाक्षी, नेहा, हर्षिता, शेनम, कनिका, विधि, स्वाति, मुस्कान आदि छात्राओं ने पूर्ण सहयोग किया। प्रथम स्थान हिमांशी भड़ाना, द्वीतिय स्थान ऑक्सीराज, तृतीय स्थान यशिका और कनिका एवं सांत्वना पुरस्कार प्रियांशी राज ने प्राप्त किया। साथ ही वसुधा इको क्लब ग्रीन कैंपस ने वनस्पति विज्ञान विभाग के सहयोग से नो टू प्लास्टिक विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसकी आयोजन सचिव डा. गीता सिंह रहीं। इसमें छात्राओं ने पुराने वस्त्रों से निर्मित थैलों का प्रदर्शन किया। जिसमें विभिन्न विभाग की लगभग 40 छात्राओं ने 100 थैले बनाकर उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभागिता एवं कौशल का परिचय दिया। प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान नजरा, तृतीय स्थान शिफा अंसारी एवं सांत्वना पुरस्कार ऋतु और अदिति कौशिक ने प्राप्त किया। दोनों ही प्रतियोगिता में डा. नाजिमा इर्फान, उपासना मोतला तथा डा. सुनीता सिंह निर्णायक मंडल की भूमिका में रहीं। प्राचार्या ने सभी छात्राओं का आशीर्वाद वचन देकर उत्साहवर्धन किया।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

CITY BRIEFS

# छात्राओं ने सीखा गांठ बंधन



**MEERUT :** आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम द्वारा तीन दिवसीय प्रवेश और प्रवीण प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती से प्रशिक्षक पूनम चौधरी ने वी फार्मेशन, स्काउट गीत, झंडा गीत, गाइड प्रतिज्ञा का अभ्यास करवाया. रेंजर्स को गांठे बंधन सिखाया जिसमे खुटा फांस, जुलाहा गांठ, लघुकर गांठ, मछुआ गांठ, ध्रुव गांठ, जीवन रेखा गांठ, डाक्टर गांठ , वर्गाकार बंधन, अष्टाकार बंधन जैसी गांठ शामिल रही. प्राथमिक चिकित्सा में पट्टियों की जानकारी, स्ट्रेचर बनाना, सिर की पट्टी, बड़ा झोल, छोटा झोल, घुटने की पट्टी, हाथ की हथेली की पट्टी बांधना सिखाया गया. प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक, डा. सुनीता सिं और मानसी कश्यप भी उपस्थित रही. विभागाध्यक्ष डा. अनुपमा सिंह और डा. भावना मित्तल भी उपस्थित रही.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# रेंजर्स ने बीपी सिक्स के छह व्यायाम सीखे



आरजी कॉलेज में कैंप शिविर में शामिल स्काउट गाइड। संवाद

मेरठ। आरजी महिला पीजी कॉलेज में रेंजर्स टीम ने तीन दिवसीय प्रवेश और प्रवीण प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बेडेन पावेल (बीपी) के छह व्यायाम सिखाए गए। भारत स्काउट एवं गाइड मक्खन लाल कुर्ती जिला संस्था से प्रशिक्षक पूनम चौधरी रहीं। उन्होंने रेंजर्स को गांठें बांधना सिखाया, जिसमें खूंटा फांस, जुलाहा गांठ, लघुकार गांठ, मछुआ गांठ, ध्रुव गांठ, जीवन रेखा गांठ, डाक्टर गांठ, वर्गाकार बंधन, अष्टाकार बंधन आदि शामिल हैं। प्राथमिक चिकित्सा में पट्टियों की जानकारी जैसे स्ट्रेचर बनाना, [illegible] बांधना आदि सिखाया। वरदान संस्थान के आचार्य हिमांशु ने [illegible] और जीवन शैली विषय पर वार्ता की। प्राचार्य प्रो. निवेदिता [illegible] रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। डॉ. सुनीता सिंह, मानसी [illegible]कुर आदि का सहयोग रहा। संवाद

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32



आरजी पीजी कालेज में तूलिका रानी को सम्मानित करतीं प्राचार्य • जागरण

# स्टार्टअप में योगदान दें महिलाएं : तूलिका रानी

आरजी पीजी कालेज पहुंचीं उत्तर प्रदेश से जी-20 की ब्रांड एंबेसडर व स्क्वाड्रन लीडर

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरजी पीजी कालेज इनोवेशन सेंटर की ओर से सोमवार को जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत महिलाओं का नवाचार स्टार्टअप में योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश से जी-20 की ब्रांड एंबेसडर व स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी ने कहा कि स्टार्टअप में महिलाएं विशेष योगदान दे सकती हैं। जरूरी है कि महिला उद्यमियों के लिए परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएं। महिलाएं अपनी क्षमता को पहचान कर नवाचार की दुनिया में नाम रोशन कर सकती हैं।

तूलिका रानी ने कहा कि देश स्टार्टअप के लिए हाट स्पाट बनकर उभरा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने कहा कि कालेज के लिए गर्व की बात है कि तूलिका रानी कालेज की पुरातन छात्रा हैं। विशिष्ट अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्टार्टअप सेल व इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. हरे कृष्णा ने कहा कि देश में 2016 में 417 स्टार्टअप थे, 2023 में 86,456 हो गए। छह वर्ष में स्टार्टअप की संख्या में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। वर्तमान में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं, जिनका मूल्यांकन 335 अरब डालर है।

## स्टार्टअप ने दी 8.88 लाख से ज्यादा नौकरी

वक्ता प्रो. राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि देश की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप आज स्टार्टअप इनोवेशन आर्थिक सुधारों और विकास के इंजन बन गए हैं। देश में स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार कई तरह के प्रोग्राम चला रही है और युवाओं को रोजगार भी दे रही है। आंकड़ों के अनुसार स्टार्टअप से आठ लाख 88 हजार से ज्यादा नौकरी सृजित हुई है। शैलेंद्र जायसवाल, डा. सीमा जैन, डा. सोनिका चौधरी, डा. रीनू जैन उपस्थित रहीं।

# नेचुरोपैथी लैब में किया छात्राओं की समस्याओं का समाधान



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज के योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान विभाग एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली द्वारा आयोजित शिविर में बुधवार को छात्राओं को योग विज्ञान विभाग की लैब दिखाई गई। छात्राओं की समस्याओं का हल भी किया गया।

छात्राओं ने एक साल का रजिस्ट्रेशन भी कराया, ताकि वह नेचुरोपैथी लैब में आ सकें। इसके साथ-साथ नेचुरोपैथी कैंप में आज छात्राओं को अपनी आंखों का आईवाश प्राकृतिक तरीके से कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी गई। छात्राओं के साथ इतिहास विभाग, होम साइंस एवं राजनीति विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं ने भी प्राकृतिक चिकित्सा पर परामर्श लिया।

## सिविल सर्विस की तैयारी के टिप्स दिए

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में बुधवार को एकेडमिक एंड कैरिअर काउंसलिंग सेल तथा यूपीएससी कोचिंग इंस्टीट्यूट दृष्टि आईएएस नई दिल्ली के तत्वावधान में 'सिविल सर्विस की तैयारी कैसे करें' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। मुख्य वक्ता दृष्टि एकेडमी नई दिल्ली से प्रशांत शर्मा रहे। उन्होंने सिविल सर्विसेज में कैरिअर व आईएएस की परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स दिए। साथ ही मानसिक और तार्किक योग्यता बढ़ाने के उपाय बताएं। कार्यक्रम की संयोजक एकेडमी एंड कैरिअर काउंसलिंग सेल कोऑर्डिनेटर डॉ. रेनू जैन रहीं। इस दौरान डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. सीमा अग्रवाल, नेहा टंडन, हिना व अनामिका आदि मौजूद रहीं। संवाद

## नवचयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र बांटेंगे मुख्यमंत्री योगी

राब्यू, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की 7,189 नवचयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का 21 फरवरी को लोक भवन में शुभारंभ करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित जिलों के मुख्यालयों पर भी इसी दिन नवचयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

पेज से संबंधित अपनी राय, सुझाव और प्रतिक्रिया yuvameerut@mrt.jagran.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण

मेरठ, 17 फरवरी 2023

# लाल मिर्च पाउडर में मिला ईंट का चूरा, धनिए में लकड़ी का बुरादा

### आरजी पीजी कालेज में हुई कार्यशाला में छात्राओं ने जांचे खाद्य पदार्थों के सैंपल

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** आरजी पीजी कालेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग की ओर से गुरुवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। इसमें छात्राओं ने लालकुर्ती, सदर, थापर नगर और साकेत के अलावा अन्य क्षेत्रों से एकत्रित दूध, दुग्ध निर्मित पदार्थ और मसालों के सैंपलों की जांच की। आइक्यूएसी समन्वयक डा. नीना बत्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला के पहले दिन प्रथम सत्र में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन निदेशालय के फूड सेफ्टी आफिसर वैभव शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय माइक्रोबायोलाजी विभाग के डा. दिनेश पंवार ने छात्राओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक दीपक शर्मा ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन करना सेहत के प्रति खिलवाड़ करना है। इसलिए जहां तक संभव हो साबुत मसालों को घर ही पीसें। द्वितीय सत्र में बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने दूध, हल्दी, धनिया, मावा, काली मिर्च के एकत्रित सैंपल का परीक्षण कर सभी रासायनिक टेस्ट किए।

दूध व मसालों के लगभग 100 सैंपल में यूरिया, डिटर्जेंट, वनस्पति, सोडियम बाई कार्बोनेट और स्टार्च की मिलावट की जांच की गई। मसालों के 80 सैंपल में हल्दी में मेटानिल येलो, लाल मिर्च पाउडर में ईंट का चूरा, धनिए में लकड़ी का बुरादा मिला।



आरजी पीजी कालेज स्थित प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थ की जांच करतीं छात्राएं • जागरण

Nivedita Kumari
I am approving this document

13.05.2024 16:32

# कैंसर होने के कारण, रोकथाम की दी जानकारी



मेरठ : रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज की मेडिकल ऐड समिति द्वारा कैंसर होने के कारणों एवं कैंसर की रोकथाम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इनर व्हील क्लब प्रेसिडेंट कमलेश सिंघल ने विशेष अतिथि प्रो. निवेदिता कुमारी तथा मुख्य अतिथि प्रीती सक्सेना का सम्मान किया। इनर व्हील क्लब के सहयोग से मेडिकल ऐड समिति ने कार्यक्रम का संचालन किया। कोऑर्डिनेटर डा. अनुराधा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की वक्ता डा. मधु गुप्ता ने कैंसर होने के कारणों एवं कैंसर की रोकथाम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। जिसमें विभिन्न विभाग की लगभग 60 छात्राओं ने भाग लिया और डा. मधु गुप्ता ने छात्राओं द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में डा. नीना बत्रा, डा. रीनू जैन डीन छात्र कल्याण संघ, डा. नीलम सिंह चीफ प्रॉक्टर अनुशासन परिषद, डा. अमिता, डा. सुनीता, बबिता एवं विभिन्न विभाग की शिक्षिका उपस्थित रही।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# महोत्सव में छात्राओं ने दिखाया हुनर

## आरजी कॉलेज

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता । आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज मेरठ में युवा महोत्सव-2023 का शुभारम्भ किया गया। 27 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन का नाम अभिव्यक्ति रखा गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इसमें छात्रों ने रंगोली, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, निबन्ध, लोकगीत, शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, नाटक, आदि का आयोजन शामिल है। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि प्रो.कुमार रत्नम, एडिशनल डायरेक्टर उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश रहे। कार्यक्रम के प्रथम दिन रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रजत रुद्रा इंस्टीट्यूट मवानां के फाइन आर्ट्स के छात्र रहे। द्वितीय स्थान पर दीपिका कनोहर लाल पीजी कॉलेज, तृतीय स्थान पर स्वाईमा अख्तर रहे। छात्राओं में पीजी की अदिति, बीए की छात्रा चंचल रानी, निशा पाल, आशी, निशिता, स्वीटी, सिंपल आदि का सहयोग रहा।




मंगलवार को आरजी कालेज में कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। • हिन्दुस्तान

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.03.2024 16:32




आरजीपीजी में युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं • जागरण

# आरजी कालेज में युवा महोत्सव की कलात्मक शुरुआत

**मेरठ :** आरजी डिग्री कालेज में युवा महोत्सव 2023 शुरू हुआ। मंगलवार को प्रतिभागी रंगोली, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, निबंध, लोकगीत, सामूहिक शास्त्रीय व लोक नृत्य, नाटक, टैलेंट हंट आदि में हिस्सा लेंगे। प्राचार्य प्रोफेसर निवेदिता मलिक ने पहले दिन रंगोली और बेस्ट आउट आफ वेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत किया। रंगोली में प्रथम स्थान पर रुद्र इंस्टीट्यूट मवाना के फाइन आर्ट के छात्र रजत रहे। दूसरे स्थान पर कनोहर लाल कालेज की एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका और तीसरे स्थान पर आरजी कालेज की एमए की स्वाइमा अख्तर विजेता रहीं। बेस्ट आउट आफ वेस्ट में रुद्रा के ही बीए प्रथम वर्ष के पवन कुमार, ऋतिक कुमार द्वितीय व आरजी की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.06.2024 16:32

# AMAR UJALA- 22-2-2023 Pg No.6



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। संवाद



आरजी पीजी कॉलेज में सामूहिक गीत गातीं छात्राएं। संवाद




आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। संवाद

# रंगोली प्रतियोगिता में रजत और दीपिका ने मारी बाजी

## रघुनाथ गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुआ पांच दिवसीय 'युवा महोत्सव-2023', छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। कला, और सौंदर्य ही आकर्षण का केंद्र होता है। आज की युवा शक्ति ही है जो कला, सौंदर्य व रचनात्मकता को बरकरार रखे हुए है। यह बात मंगलवार को रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में पांच दिवसीय 'युवा महोत्सव-2023' में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा के एडिशनल डायरेक्टर मध्य प्रदेश के प्रो. कुमार रत्नम ने पहले दिन 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम में कही।

पहले दिन रंगोली व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को एक मंच प्रदान करना है।



बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कार्यक्रम में उपयोगी वस्तुएं बनातीं छात्राएं। संवाद

## बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में पवन अव्वल

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. कुमार रत्नम ने किया। प्रतियोगिता में सरदार वल्लभ भाई पटेल इंस्टीट्यूट, रुद्रा इंस्टीट्यूट, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ कॉलेज, आर्य कन्या पीजी कॉलेज हापुड़ आदि कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। रंगोली प्रतियोगिता में रुद्रा इंस्टीट्यूट से रजत प्रथम, मनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज से दीपिका द्वितीय और आरजी पीजी कॉलेज से स्वाइमा अख्तर तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. आशा आनंद व भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अंजू चौधरी रहीं। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना से पवन कुमार, ऋतिक कुमार द्वितीय और आरजी पीजी कॉलेज की शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक आरजी पीजी कॉलेज की पूर्व अध्यक्ष डॉ. अन्विता अग्रवाल व मदिहा रसूल इमेज परामर्शदात्री रहीं। इस दौरान छात्र कल्याण परिषद की अध्यक्ष डॉ. रेनू जैन, डॉ. नाजिमा इरफान, विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना रानी, संस्कृत विभाग की डॉ. उपासना सिंह, अंजलि, डॉ. ममता कुमारी, डॉ. श्वेता त्यागी, डॉ. सुनीता, डॉ. नीलम, डॉ. कल्पना, डॉ. कंचन पुरी, डॉ. सुनीता, डॉ. दीक्षा यजुर्वेदी, डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. शैलजा आदि मौजूद रहीं।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# मनमोहक

आरजी कॉलेज में स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान छात्राओं ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों की खूब तालियां बटोरी.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32



# अरे जा रे नटखट ना छू रे मेरा घूंघट...

## आरजी पीजी कॉलेज में शनिवार को आयोजित हुआ पुरातन छात्र



आरजी डिग्री कॉलेज में पुरातन छात्र कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्रा तथा डांस करतीं पुरातन छात्राएं व शिक्षकाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। होलिया में उड़े रे गुलाल कहियो रे मंगेतर से... अरे जा रे हट नटखट ना छू रे मेरा घूंघट आदि जैसे गानों पर शनिवार को पुरातन छात्र खूब थिरकते नजर आए। मौका था आरजी पीजी कॉलेज में पुरातन छात्र सम्मान समारोह का। जिसमें पुरातन छात्राओं (रघुनंदनियों) ने कॉलेज की पुरानी यादें ताजा कर सभी के साथ अपना अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व स्वागत गीत से किया। पुरातन छात्रों ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुत दी। मुख्य अतिथि पुरातन छात्रा व पुरातन अंग्रेजी शिक्षिका डॉ. बोनानी मिश्रा रहीं। गेस्ट ऑफ ऑनर सुप्रिया सोंधी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि डिग्री कॉलेज 75 वें वर्ष में चल रहा है और इंटर कॉलेज को शीघ्र ही सौ साल पूरे करने जा रहा है। इन यादों को भूलना संभव नहीं है। पुरातन छात्र समिति की सचिव डॉ. कुमकुम पारीक ने सभी रघुनंदिनियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में 1963-2019 के बैच की छात्राएं शामिल हुईं।

इस अवसर पर पांच 1963- 1968 बैच की कामना, 1965-1975 बैच अलका जैन, 1966-1972 बैच की शोभा जैन, 1966-1973 बैच की शैलजा और 1968-1976 बैच की मंजुला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्राचार्या डॉ. रेनू जैन रहीं। संचालन पुरातन छात्रा अंजू अग्रवाल ने किया। डॉ. नीना बत्रा, कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. पूजा राजोरिया, आशा शुक्ला, डॉ. शैल शर्मा, डॉ. अमृत अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।



*सम्मेलन में आकर अच्छा लगा। कई साल बाद सहेलियों से मिली तो पुरानी यादें ताजा हो गई। उन्होंने छठी से आरजी इंटर कॉलेज में पढ़ाई की, इसके बाद की पढ़ाई भी आरजी पीजी कॉलेज से की।* -**शारदा शर्मा, पुरातन छात्रा, 1970 बैच**



*50 साल बाद कॉलेज आई तो काफी भावुक हो गई। उन्होंने बताया कि सहपाठियों को देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोस्तों के साथ खूब फोटोज ली।* - **मंजुला शर्मा, पुरातन छात्रा, 1976 बैच**



*कॉलेज से पढ़ाई पूरी होने के बाद 2010 के बाद अब आई हूं। काफी अच्छा लग रहा है। कॉलेज में पहले के मुकाबले काफी बदलाव दिखा। जो भी दोस्त मिली उनके साथ [illegible]* - **[illegible] दत्त, पुरातन छात्रा, 1973 बैच**

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

## छात्रों को किया सम्मानित



ट्रांसलेम कॉलेज में आयोजित एलुमनाई मीट में शामिल अतिथि। अमर उजाला

गंगानगर। मवाना रोड ट्रांसलेम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को एल्युमिनाई मीट कनेक्ट 2023 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलएलबी, बीफार्मा, एमबीए, बीबीए आदि कोर्सों के पुरातन छात्र शामिल हुए। शुभारंभ संस्था के चेयरमैन मोहित कुमार जैन एवं महानिदेशक डॉ. शमीम अहमद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महानिदेशक डॉ. शमीम अहमद ने पुरातन छात्रों के साथ स्टेज पर गाना गाया तो परिसर तालियों से गूंज उठा, कुछ छात्रों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। सभी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. केपी सिंह, डॉ. नासिर, डॉ. कामिनी, मुनाहिद, सुमन, शैली, हुमा, सलमान, प्रदीप, प्रतीक, जैनेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी कमलकांत मित्तल व उदित बंसल आदि मौजूद रहे। संवाद



# समय प्रबंधन का ध्यान रखें छात्राएं




आरजी पीजी कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित शिविर में शुक्रवार को स्वयं सेविकाओं को शिक्षा नीति की जानकारी दी गई. शिविर की शुरुआत मेरठ कालेज वनस्पति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. हरजिंदर सिंह ने की. उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय में छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि छात्र जीवन में समय प्रबंधन का विशेष महत्व हैं. इसलिए छात्रों को प्रारंभ से ही समय प्रबंधन का ध्यान रखना चाहिए. दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओ ने पुरानी और बेकार वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाई और रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# गौरैया के घोंसले की लगाई प्रदर्शनी

**MEERUT (20 March, JNN):** आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान संकाय स्थित उद्यान में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीमा जैन ने की. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विलुप्त हो रही गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. इसमें बीएससी और एमएससी की छात्राओं द्वारा बनाए गए गौरैया के घोंसले एवं पोस्टर्स की एक प्रदर्शनी लगाई गई.,जिसमें उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किए गए एवं भागीदारी करने वाली प्रत्येक छात्रा को प्रोत्साहन उपहार भी दिया गया. संचालन जंतु विज्ञान एसोसिएशन की संयोजिका डॉ. शशि बाला ने

PIC : JNN



किया. प्रियंका, डॉ. कल्पना चौधरी और डॉ. मंजू सिंह भी उपस्थित रहीं. वहीं दर्शनशास्त्र विभाग, मनोविज्ञान विभाग और संगीत विभाग द्वारा इंटरनेशनल डे आफ है[illegible] पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष अंजली यादव द्वारा छात्राओं को दिवस की जानकारी दी गई. साथ ही झुग्गी बस्तियों मेच जाकर बच्चों, ठेले व खोमचे वालों को खाने पीने का सामान देकर इस दिवस का महत्व बताया. मीडिया प्रभारी डॉ. नीता चौधरी भी उपस्थित रहीं.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

HINDUSTAN-21.3.2023PAGENO.5

# गौरैया दिवस : संरक्षण के साथ पेड़-पौधों को भी बढ़ाना होगा

मेरठ। ग्रीन प्लेनेट वेलफेयर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. यशवंत राय ने कहा कि 30 वर्षों में गौरेया की संख्या 60 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। कहा कि गौरेया के लिए लकड़ी के बने घोसले लगाने के साथ-साथ पीपल, बरगद, गूलर, फल-फूल के वृक्षों को बढ़ाना होगा। कहा कि जैव विविधता पर आरी चल रही है।



आरजी कॉलेज में सोमवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया।



बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में गौरेया के संरक्षण का संदेश दिया गया।



एनएएस डिग्री कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर कार्यक्रम हुए।



शहीद मंगल पांडे कॉलेज में विश्व गौरिया दिवस पर कार्यक्रम हुए।

## लोगों को शपथ दिलाई

मेरठ। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर डीएफओ राजेश कुमार के निर्देशन में वन विभाग की ओर से जिलेभर के प्रत्येक रेंज में गोष्ठियां और जागरूकता कार्यक्रम किए गए। वन दारोगा बिशम्बर सिंह, जेआरएफ युधिष्ठिर दत्त, वन रक्षक रीना, संगीता, आरके चौधरी ने गौरैया को लेकर लोगों को जागरूक किया।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

## पांच विजेता घोषित

मेरठ। एनवायरमेंट क्लब ने ऑनलाइन आयोजित ... की फॉर स्पैरो के पांच विजेताओं की सोमवार को घोषणा की। क्लब संस्थापक सावन कन्नौजिया ने बताया कि पांच विजेताओं में डॉ. नरेंद्र भूषण जयपुर राजस्थान, आकांक्षा तोमर, ज्ञानेंद्र सिंह, दीक्षा यजुर्वेदी, विनीता सैनी व जतिन रहे।

## विश्व गौरेया दिवस मनाया

मेरठ। आरजी कालेज में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान संकाय स्थित उद्यान में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। बीएससी व एमएससी की छात्राओं ने घोंसले व पोस्टर्स की प्रदर्शनी लगाई। इसमें उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। संचालन डॉ. शशि बाला ने किया।

**AMAR UJALA- 12-04-2023 PG.NO-5**

# नुक्कड़ नाटक से बताए मोटे अनाज के फायदे



आरजी पीजी कॉलेज में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। आरजी पीजी कॉलेज में डीजीएनसीसी एवं 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश कुमार चौहान के संरक्षण में मोटे अनाज पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसकी थीम 'श्री अन्न जो खाएगा, शरीर स्वस्थ बनाएगा' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. पारुल ने किया। कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खाद्य सुरक्षा और पोषण में मोटे अनाज का योगदान व मोटे अनाज से होने वाले फायदे बताए। डॉ. पारुल ने कहा कि मोटे अनाज से हड्डियां मजबूत होती हैं। कैल्शियम की पूर्ति करने, पाचन क्रिया दुरुस्त करने, वजन नियंत्रित करने, रक्त की कमी की समस्या से निजात दिलाता है। प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, जौ आदि का अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संयोजन एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अंजुला राजवंशी, सीटीओ स्वाती मिश्रा एवं ओएनओ प्रियंका ने किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल, आईक्यूएसी इंचार्ज नीना बत्रा, पूजा सरोज मौजूद रहीं। संवाद

**DAINIK JAGARAN- 12-04-2023 PG.NO-5**

विविध



आरजी पीजी कालेज मे नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करतीं एनसीसी कैडेट्स • जागरण

# नाटक के माध्यम से समझाया मोटे अनाज का महत्व

मेरठ : आरजीपीजी कालेज के प्रांगण मे मंगलवार को डीजीएनसीसी द्वारा निर्देशित व 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफीसर कर्नल महेश कुमार चौहान तथा प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक के निर्देशन मे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कालेज प्रांगण मे सुबह अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य मे एनसीसी की दोनों इकाइयों ने श्री अन्न जो खाएगा, शरीर स्वस्थ्य बनाएगा की थीम पर नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मे मोटे अनाज के योगदान तथा मोटे अनाज से होने वाले फायदे की जानकारी दी। जिसमे कैडेट्स तरुषि मलिक, कीर्ति, नीलम, अन्नु, यशस्वी उपाध्याय, सनानूर, शगुन सिंह, खुशी व प्रतिमा सिंह ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. पारूल, डा. पूनम, आइक्यूएसी इंचार्ज नीना बत्रा, पूजा सरोज आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही। -जासं

Nivedita Kumari
I am approving this document

13.05.2024 16:32



आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में फिल्म क्लब के तहत विश्व विरासत दिवस पर एक डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। क्लब इंचार्ज डा. कल्पना चौधरी ने डाक्यूमेंट्री के माध्यम से विश्व की सभी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्मारकों और संस्कृतियों के संरक्षण के महत्व का संदेश दिया • जागरण



आरजी पीजी कालेज में इतिहास विभाग की ओर से विश्व विरासत दिवस पर मंगलवार को छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी ने छात्राओं को बताया कि संस्कृति के माध्यम से हम अपनी विरासत को बचा सकते हैं। हमें अपनी संस्कृति को संरक्षण देना है, क्योंकि यही हमारे देश की पहचान है। डा. अपर्णा वत्स ने प्राचीन विरासत आबू का मकबरा, औघड़नाथ मंदिर, शहीद स्मारक, घंटाघर, सूरजकुंड, सती मंदिर व गांधी बाग आदि के निर्माण से सुरक्षित रखने तक की जानकारी दी • जागरण

# न्यूज कैप्सूल

## योग करने से शुद्ध होता है तन और मन



आरजी डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला में मौजूद शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। आरजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसका विषय 'सार्वभौमिक मानव मूल्य और नैतिकता' रहा। प्रथम दिन मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील मंजू रहीं। उन्होंने विपश्यना योग पर कहा कि हमारे मन के दो मुख्य भाग होते हैं एक चेतन और दूसरा अचेतन। चेतन वो भाग जो समाज हमसे चाहता है और अचेतन वो जो हम वास्तविक हैं। ये ही हमारा मन विकारों को उत्पन्न करता है। विपश्यना में इसी मन के शांत रूप को देखने की कोशिश की जाती है। संवाद

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.09.2024 16:32

AMAR UJALA-19-04-2023 PG.NO-5

# संभालेंगे विरासतें तो दूर तक फैलेगी कीर्ति

## शिक्षण संस्थानों में विश्व विरासत दिवस मनाया, छात्र-छात्राओं को शहर की प्राचीन इमारतों की जानकारी दी

माई सिटी रिपोर्टर/संवाद

मेरठ। शिक्षण संस्थानों में मंगलवार को विश्व विरासत दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं को देश और शहर की प्राचीन इमारतों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को अपनी विरासत को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। सरकार तो अपना काम कर रही है, लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज में छात्रा खुशी ने यूनेस्को में शामिल भारत की विरासत के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अलका चौधरी ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि भारत के पास इतने सर्वश्रेष्ठ विरासत है और सबको इन जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रीना चिकारा ने किया। प्रो. सोनिका नागर, प्रो. पूजा राय मौजूद रहे।

आरजी पीजी कॉलेज में प्रो. निवेदिता मलिक के निर्देशन में फिल्म क्लब के अंतर्गत विश्व विरासत दिवस के अवसर पर डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया। फिल्म क्लब इंचार्ज डॉ. कल्पना चौधरी ने छात्राओं को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विश्व की सभी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्मारकों और संस्कृतियों के संरक्षण का महत्व बताते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री के साथ भारत के ऐतिहासिक स्मारक एवं धरोहर विषय पर अंतर महाविद्यालय क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति कौशिक, द्वितीय स्थान सिया वर्मा तथा तृतीय स्थान अशोक कुमार ने प्राप्त किया। क्विज में प्रथम पुरस्कार विवेक शर्मा, द्वितीय पुरस्कार अदिति कौशिक व तृतीय पुरस्कार निहारिका शर्मा ने प्राप्त किया। डॉ. गरिमा मलिक, डॉ. बबीता, डॉ. सुनीता, मोक्षी, चित्रांशी शर्मा, अंजली यादव व शैल वर्मा आदि मौजूद रहीं।



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित विश्व विरासत दिवस के कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। संवाद



इस्माईल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने संचारी रोग पर बनाए पोस्टर। संवाद

### आबू का मकबरा, औघड़नाथ मंदिर का इतिहास जाना

आरजी पीजी कॉलेज में इतिहास विभाग द्वारा विश्व विरासत दिवस पर छात्राओं को विश्व विरासत के प्रति जागरूक किया। डॉ. अपर्णा वत्स ने छात्राओं को विभिन्न प्राचीन विरासत आबू का मकबरा, औघड़नाथ मंदिर, शहीद स्मारक, घंटाघर, सूरजकुंड आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अंजली गुप्ता, डॉ. पूनम, डॉ. पूजा, शालू मौजूद रहीं। आरजी पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन मुख्य वक्ता मेरठ कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की प्रो. मंजू खोखर ने 'प्रोफेशनल और व्यक्तिगत नैतिक मूल्यों' विषय पर विचार रखे। कार्यशाला का संचालन डॉ. सुनीता सिंह ने किया। विभाग प्रभारी डॉ. नीलम सिंह, डॉ. कुमकुम पारीक, डॉ. प्रियंका यादव, अंकित, लवलीन, दिव्या त्यागी मौजूद रहीं।

### कुरु जनपद था मेरठ का नाम

शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व धरोहर दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने बताया कि इतिहास के पन्नों में विशिष्ट स्थान रखने वाली हमारी संस्कृति, धरोहर का संकलन व संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। विदेश में गई हमारी पहचान व विरासत को वापस लाना चाहिए। मुख्य अतिथि एनएएस कॉलेज इतिहास एसोसिएट प्रो. डॉ. नवीन चंद्र ने बताया कि मेरठ की धरा कभी कुरु जनपद के नाम से जानी जाती थी, जिसकी राजधानी हस्तिनापुर थी। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी प्रो. अनीता गोस्वामी ने किया।

### पैगोडा शैली में बना है 114 वर्ष पुराना एनएएस कॉलेज

मेरठ। एनएएस डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग में विश्व धरोहर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि नानक चंद डिग्री कॉलेज नगर की पुरातन शिक्षण संस्थाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि वे शासन की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय भवन को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भवन घोषित कराने की दिशा में हर तरह से प्रयास करेंगे। कार्यक्रम आयोजक प्रो. देवेश चंद्र शर्मा ने बताया कि हमें ऐतिहासिक महत्व के भवनों को संरक्षित और सुरक्षित रखना होगा, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। उन्होंने कहा कि कालेज का भवन 114 वर्ष पूर्व 1909 में बना था। इसका निर्माण पैगोडा शैली में हुआ है, जो अपने आप में पूरे शहर अलग पहचान रखता है। ब्यूरो

### विद्यार्थियों को धरोहरों के बारे में दी जानकारी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में विश्व धरोहर दिवस पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मेरठ मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय संस्कृति और सभ्यता की धरोहरों के बारे में बताया गया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से पधारे प्रो. प्रभात कुमार को विभागाध्यक्ष प्रो विघ्नेश कुमार, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद भूपेंद्र सिंह फोनिया ने शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। विभाग में चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। ब्यूरो

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32



आरजी पीजी कालेज में मंगलवार को मनोविज्ञान, एसीपी एवं योगिक साइंस विभाग की ओर से योग विभाग में विश्व लाफ्टर दिवस मनाया गया। इस दिवस पर आचार्य कमल एवं नीरज ने सभी छात्राओं को लाफ्टर थेरेपी कराई। प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी, डा. कुमकुम पारीक, डा. भावना मित्तल, डा. नीलम समीर, डा. सुनीता सिंह, डा. अनुराधा सिंह, डा. दीक्षा, डा. अंजलि गुप्ता, डा. प्रियंका यादव, प्रीति बंसल, आयुषी गुप्ता, रूबी आदि मौजूद रहीं • जागरण

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

DAINIK iNEXT - 3-05-2023 PG.NO-3

# छात्राओं ने लॉफिंग थेरेपी को सीखा



PIC : JNN

## आरजी पीजी कालेज में किया गया आयोजन

**MEERUT (3 May, JNN):** आरजीपीजी कालेज में मंगलवार को मनोविज्ञान, एसीपी एवं योगिक साइंस विभाग की ओर से योग विभाग में विश्व लाफ्टर दिवस मनाया गया. इस दिवस पर आचार्य कमल एवं नीरज ने सभी छात्राओं को लाफ्टर थेरेपी करायी. आचार्य कमल एवं नीरज ने विभिन्न प्रकार की हास्य क्रियाओं के तहत पक्षी हंसी, झोंक हंसी व रावण हंसी आदि प्रकार की हंसी थेरेपी छात्राओं को करायी. छात्राओं को 10 तरह से हंसने की क्रिया करायी. जिससे सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहे. उन्होंने 10 प्रकार की तालियों का भी अभ्यास कराया. जिससे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़े. प्राचार्य प्रो. निवेदिता कुमारी ने बताया कि विश्व में शांति भाईचारा एवं अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यह दिवस मनाया जाता है.

### हंसने के फायदे बताए

मनोविज्ञान विभाग की ओर से डा. कुमकुम पारीक ने सभी का स्वागत किया एवं विश्व हास्य दिवस का शुभारंभ किया. योग विभाग की समन्वयक डा. भावना मित्तल ने बताया की हंसने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में लाभ होता है. इससे हमारे शरीर के विभिन्न अंग मजबूत होते हैं. उनमें एंडोर्फिन नामक हार्मोन पैदा होता है जो तनाव मुक्त होने में मदद करता है.एसीपी विभाग की समन्वयक डा. नीलम समीर ने बताया कि हंसने से मानसिक स्वास्थ्य में बहुत लाभ होता है. इस दौरान करीब 50 छात्राओं ने इस हास्य थेरेपी को सीखा. कालेज की शिक्षिका डा. सुनीता सिंह, डा. अनुराधा सिंह, डा. दीक्षा, डा. अंजलि गुप्ता, डा. प्रियंका यादव, प्रीति बंसल आदि थे.

# लेखन प्रतियोगिता में संस्कृति प्रथम

**मेरठ**: आरजी पीजी कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें वर्तमान परिदृश्य में भारत में प्रेस की स्वतंत्रता का महत्व विषय पर अंतर महाविद्यालय और अंतर विभागीय लेखन प्रतियोगिता में आरजी कालेज की संस्कृति प्रथम, एनएएस कालेज के शशांत कश्यप दूसरे और मेरठ कालेज की शिवानी चौधरी तृतीय रहीं।



आरजीपीजी कालेज में प्रमाण पत्र के साथ लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं • जागरण

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32



आरजी पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभाग में सोमवार में एक्वेरियम रखरखाव के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजन ने एक्वेरियम के तकनीकी बिंदु पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष डा. सीमा जैन, डा. गरिमा पुंडीर डा. कल्पना चौधरी, डा. मंजू सिंह, प्रियंका और डा. संगीता बजाज भी उपस्थित रहीं। ● जागरण

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

DANIK INEXT-29.05.2023 PAGE NO.03

**CITY BRIEFS**

# भारत को पोलियो मुक्त बनाएंगे



**MEEROUT :** आरजी पीजी कालेज की रेंजर्स टीम ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया. भारत स्काउट एवं गाइड भवन लाल कुर्ती द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. जिसमें रेंजर लीडर डा. सुनीता सिंह के निर्देशन में आरजी पीजी कालेज रेंजर्स टीम ने भाग लिया. रैली स्काउट भवन से बेगमपुल चौराहे तक की गई. रेंजर्स ने पोस्टर्स, स्लोगन और नारो से लोगों को जागरूक किया. रैली में सिमरन, मानसी, नेहा ठाकुर, खुशबू वर्मा, पलक, भारती, आंचल, श्वेता पोसवाल, मनीषा चौहान, ज्योति, रवीना, स्नेहा सैनी, कशिश, शीतल, शिवानी, भूमि शाक्य और जया ने नया सवेरा लाएंगे भारत को पोलिया मुक्त बनाएंगे जैसे नारे लगाए.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# तंबाकू के सेवन से होती है फेफड़ों से संबंधित बीमारी



मेरठ: आरजी कॉलेज में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर्स और स्लोगन के माध्यम से सार्वजनिक स्थल पर रेंजर्स ने सभी को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के विषय में बताया साथ ही तंबाकू के उपयोग से होने वाले नुकसान और बढ़ते हुए नशे के बारे में जानकारी दी। इस समय दुनिया की 3 .5 मिलियन हेक्टेयर जमीन पर तंबाकू की खेती हो रही है। इसी लिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन ने थीम के रुप में नारा दिया है जहर नहीं, फसल उगाएं! जीवन को खुशहाल बनाएं। आज भी एक बड़ी आबादी इसका सेवन करती है और फेफड़ों और मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से अपनी जान गंवा देती है। बीते सालों में दुनियाभर में तंबाकू की खेती कितनी बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि दुनिया भर में लगभग 3.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि हर साल तंबाकू उगाने के लिए परिवर्तित की जा रही है। इतना ही नहीं तंबाकू उगाना में एक वर्ष में 200,000 हेक्टेयर वनों की कटाई भी हो जाती है। तंबाकू की खेती के लिए कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग किया जाता है, जो मिट्टी के क्षरण करते हैं इससे जमीन बंजर हो सकती है। तंबाकू उगाने के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि में अन्य फसलों, जैसे कि अनाज उगाने की क्षमता कम हो जाती है। क्योंकि तंबाकू मिट्टी की उर्वरता को कम कर देता है। कृषि गतिविधियों की तुलना में जैसे कि मक्का उगाना और यहां तक कि पशुओं को चराना, तंबाकू के खेतों में नहीं किया जा सकता। तंबाकू में मौजूद निकोटिन एक हार्मफुल केमिकल है, जिससे शरीर को कई गंभीर बीमारियां लग सकती है। तंबाकू से होने वाली एक प्रमुख बीमारी फेफड़े का कैंसर है। अगर तंबाकू को चबाकर सेवन कर रहे हैं तो मुंह और गले का कैंसर होता हैं, लेकिन अगर तंबाकू को सिगरेट, हुक्का या बीड़ी के जरिए लेते हैं तो फेफड़ों का कैंसर, हार्ट की समस्या और गैंगरीन जैसी गंभीर बीमारी हो जाती है। इस कार्यक्रम में सिमरन, शीतल, ज्योति, नेहा सैनी, श्वेता पोसवाल, आंचल, नैना शर्मा, रवीना, मनीषा चौहान, कशिश, टीशा खुशबू वर्मा, नेहा ठाकुर, मानसी कश्यप, पलक, जया, भूमिका आदि ने प्रतिभागिता की।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

DANIK INEXT-08.06.2023

# छात्राओं ने ली खाद्य सुरक्षा की शपथ



आरजी पीजी कालेज के फूड साइंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग में बुधवार को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई. प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक के निर्देशन में छात्राओं को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने के लिए डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई. साथ ही खाद्य सुरक्षा संबंधी शपथ भी दिलवाई गई. समन्वयक डा. दीक्षा यजुर्वेदी ने खाद्य सुरक्षा के मानकों, संबंधी नियम, सुरक्षा के मूलभूत स्तंभों की जानकारी दी. डा. मनीषा सिंघल, उपासना देवी, डा. नलिनी द्विवेदी, चित्रांशी शर्मा, प्रियंका और आशीष भी उपस्थित रहे.

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.06.2024 16:32

# DANIK JAGRAN-17.06.2023 PAGE NO.04

## योग शिविर की हुई शुरुआत



मेरठ : रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षा विभाग और योग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योगाभ्यास शिविर शुभारंभ किया गया, जोकि 21 जून तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक द्वारा किया गया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पारुल मौजूद रही। शिविर का संचालन शिविर संयोजिका क्रीड़ा प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने किया। उन्होंने प्रांचार्य का बुके देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि का भी बुके देकर स्वागत किया गया। सभी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की आज लगभग 60 छात्राओं द्वारा योगाभ्यास योग विभाग की शिक्षिका प्रीति बंसल और उनकी योग की छात्राओं में खुशबू और अदिति द्वारा अभ्यास करवाया गया। जिसमे योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा मंत्र जाप करवाया गया। 33 मिनट के इस कार्यक्रम में सभी के द्वारा योग को जीवन मे आत्मसात करने की शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम में क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. नजिमा इरफान, उपासना, सोम्या आदि उपस्थित रहे।

Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

# योग को अपनाने की शपथ दिलाई

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स (आरजी) पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं योग विभाग की ओर से सामूहिक योगाभ्यास शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. निवेदिता मलिक ने किया। विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल सिंह रहीं। शिविर में योग शिक्षिका प्रीति बंसल व छात्रा खुशबू एवं अदिति ने छात्राओं को योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा मंत्र जाप करवाया। सभी को जीवन में योग अपनाने की शपथ दिलाई गई। शिविर का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. भावना मित्तल ने किया। इस अवसर पर डॉ. नाजिमा, इरफान, उपासना, सौम्या, नीरज, सुधा, कविता आदि रहीं। संवाद



Nivedita Kumari
I am approving this document
13.05.2024 16:32

रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित किए गए शिविर में योगासन करतीं छात्राएं। अमर उजाला

AMAR UJALA-20.06.2023 PAGE NO.05

# योगाभ्यास शिविर में सीखा प्राणायाम



आरजी पीजी कॉलेज में आयोजित योग शिविर में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

मेरठ। रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज मेरठ में सामूहिक योगाभ्यास शिविर आयोजित हुआ। योग प्रशिक्षक पूजा चौधरी ने आयुष मंत्रालय की ओर से छात्राओं के साथ अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. रेनू कांबोज तथा डॉ. कंचन पुरी ने योग पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर किया। योगाचार्य पूजा चौधरी को विशेष योगाचार्य से सम्मानित किया।

शिविर के चौथे दिन भी आसन बैठ कर, खड़े होकर, लेट कर साथ ही प्राणायाम क्रियाएं आदि का मंत्रों के साथ अभ्यास करवाया। शिविर में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने सभी बच्चों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए निर्देशित किया तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए कहा। बच्चों को प्राणायाम की महत्वता को समझाया। संचालन डॉ. भावना मित्तल ने किया। संवाद

Nivedita Kumari
I am approving this document

13.05.2024 16:32